# दिल्ली विकास प्राधिकरण

## दिल्ली विकास प्राधिकरण के वाहनों के लिए सर्विस सेंटरों का पैनल तैयार करना

दिल्ली विकास प्राधिकरण निम्नलिखित वाहनों की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए पैनल तैयार करने हेतु **दक्षिणी दिल्ली, द्वारका, रोहिणी, उत्तरी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, यमुनापार क्षेत्र एवं वसंत कुँज आदि** स्थित ऑटोमोबाइल कम्पनियों अर्थात टाटा, मारूति, हिन्दुस्तान मोटर्स, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा, हीरो होंडा के प्राधिकृत सर्विस सेंटरों से आवेदन–पत्र आमंत्रित करता है :–

1. इंडिगो, इंडिका
2. मारूति जिप्सी, एस एक्स 4, स्विफ्ट डिजायर, मारूति स्टैंडर्ड, मारूति ओमिनी
3. एम्बेसेडर कार
4. महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा, लोगान कार
5. हीरो होंडा मोटर साईकिल

**आवेदन–पत्र शर्तों सहित, यदि कोई हों, निदेशक (नजारत) बी ब्लॉक, भू–तल, विकास सदन, दि.वि.प्रा., कार्यालय, आई.एन.ए. नई दिल्ली को 06.08.2012 तक भेज दिए जाने चाहिए।**

**निबंधन एवं शर्तें**

1. सर्विस सेंटरों को भुगतान उनके द्वारा बिल प्रस्तुत करने के 30 दिन के अन्दर कर दिया जाएगा।
2. सर्विस सेंटरों को ई–भुगतान के लिए बैंक विवरण और शिकायत केन्द्र का टेलीफोन नम्बर प्रस्तुत करना होगा ताकि भुगतान या वाहनों की मरम्मत से संबंधित किसी भी समस्या को तुरन्त हल किया जा सके।
3. सर्विस सेंटरों को अपने आवेदन–पत्र के साथ विनिर्माता कम्पनी से प्राप्त प्राधिकार–पत्र अवश्य प्रस्तुत करना होगा।
4. पैनल में शामिल करने से पहले दि.वि.प्रा. द्वारा सर्विस सेंटर का निरीक्षण किया जा सकता है।
5. सर्विस सेंटरों में उपलब्ध सभी अतिरिक्त सेवाओं / सुविधाओं का भी उल्लेख आवेदन–पत्र में किया जाना चाहिए।
6. यदि किसी सर्विस सेंटर द्वारा वांछित सर्विस उपलब्ध नहीं कराई जाती, तो दि.वि.प्रा. के सक्षम प्राधिकारी को किसी भी समय पैनल को रद्द करने का अधिकार होगा।

''देखें डीडीए की वेबसाइट www.dda.org.in या डायल करें 39898911''